किसान को लगा करंट

▸ अस्पताल पहुंचने से पहले टूटी सांस

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। जिले के मणिखेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह खेत की सिंचाई के दौरान एक दर्दनाक हादसे में किसान की करंट लगने से मौत हो गई। बोरवेल की विद्युत व्यवस्था में अचानक करंट आने से किसान उसकी चपेट में आ गया। परिजन तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, माथुर जाटव उम्र 40 वर्ष पुत्र भरोसा जाटव सुबह अपने खेत पर सिंचाई करने पहुंचे थे। इसी दौरान बोरवेल संचालित करते समय विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण खेत पर पहुंचे तथा गंभीर हालत में उन्हें तत्काल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज ले गए। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण करंट लगना माना गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और बोरवेल की विद्युत व्यवस्था की भी पड़ताल की जा रही है।

कलयुगी बेटे ने 70 वर्षीय पिता को घसीट-घसीटकर पीटा

गुना। कैंट थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही 70 वर्षीय बुजुर्ग पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की। बेटे की इस हैवानियत से बेहाल हुए बुजुर्ग को डायल-112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल में भर्ती पीड़ित बुजुर्ग चंपालाल जाटव ने अत्यंत दुखी मन से बताया कि उनका बड़ा बेटा थान सिंह, जो खुद तीन बच्चों का पिता है, उसने गुरुवार शाम लगभग 7 बजे घर में घुसकर उनके साथ खींच-खींचकर बर्बरतापूर्वक मारपीट की।

मासूम का काटा अंगूठा, इंसाफ की तलाश में पिता पहुंचा एसपी दफ्तर...

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। बदरवास के मदनपुर गांव से इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। छह वर्षीय मासूम सचिन के पिता रामवीर गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के आनंद गुर्जर और उदयभान गुर्जर उनके बेटे को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गए और कुल्हाड़ी से उसके बाएं हाथ का अंगूठा व एक उंगली काट दी। तीसरी उंगली भी गंभीर रूप से जख्मी बताई गई है।

शिकायत के मुताबिक, खून से लथपथ मासूम रोते हुए घर पहुंचा तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। भूपेंद्र गुर्जर और रामहेत गुर्जर को घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताया गया है।

रामवीर का आरोप है कि पहले समाज के लोगों ने समझौते का भरोसा देकर शिकायत टाल दी, लेकिन अगले दिन आरोपित पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोपियों ने खुद अपनी मां पर्वतबाई को चोट पहुंचाकर उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज कराया, जिसका वीडियो उनके पास मौजूद है। पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना देने के बावजूद कार्रवाई न होने और रिपोर्ट दर्ज न किए जाने की शिकायत करते हुए एसपी से निष्पक्ष जांच, मेडिकल परीक्षण, एफआईआर और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उधर बदरवास थाना प्रभारी नवीन यादव का कहना है कि दोनों पक्षों को बुलाया गया था। शिकायतकर्ता बच्चे को साथ नहीं लाए थे। मेडिकल परीक्षण और जांच के बाद दोनों पक्षों की शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पत्नी का इलाज कराने आए ग्रामीण का मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

गुना। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र की एकता नगर कॉलोनी में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

लापता नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से लापता हुई एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 48 घंटे के भीतर विदिशा जिले के गंजबासौदा से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। 1 जुलाई 2026 को बालिका के पिता ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी संसाधनों की मदद से सघन खोजबीन की।

सीएमओ यशवंत राठौर ने संभाला पदभार

▸ जनता को बेहतर सुविधाएं देना होगी पहली प्राथमिकता : यशवंत

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। नगर पालिका परिषद शिवपुरी को नया मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिल गया है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल के आदेश के तहत यशवंत राठौर ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने नगर के प्रशासनिक कार्यों की कमान संभालते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की।

बैठक में राठौर ने सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, राजस्व वसूली, जन शिकायतों के त्वरित निराकरण और चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध तरीके से किए जाएं। नव नियुक्त सीएमओ ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शहर की स्वच्छता को और मजबूत बनाने, पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने, विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

मोटरसाइकिल से तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार

गुना। अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हाथभट्टी की शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार, 2-3 जुलाई 2026 की दरम्यानी रात पुलिस टीम फतेहगढ़-बरसाती रोड पर नाइट पैट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान होंडा शाइन मोटर साइकिल पर प्लास्टिक की दो बड़ी केन लटकाए आ रहे संदिग्ध युवक को रोका गया।

पोहरी नगर परिषद की कमान संभालते ही एक्शन मोड में सीएमओ महेश चंद्र जाटव

▸ नालों की सफाई के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

पोहरी, 03 जून। नगर परिषद पोहरी के नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) महेश चंद्र जाटव ने शुक्रवार को नगर परिषद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया। प्रभार संभालते ही उन्होंने नगर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बारिश के मौसम को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

सीएमओ महेश चंद्र जाटव ने बताया कि मानसून के मद्देनजर नगर के सभी प्रमुख नालों का मौके पर निरीक्षण किया जाएगा तथा तत्काल उनकी साफ-सफाई कराई जाएगी, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए सभी कर्मचारियों को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर परिषद आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

टीआई कौशल बने कंट्रोल रूम प्रभारी

▸ एसआई पुनीत बाजपेयी को मिली कोलारस थाने की कमान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से दो अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार, पुलिस लाइन में पदस्थ निरीक्षक रविशंकर कौशल को पुलिस कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ उप निरीक्षक पुनीत बाजपेयी को थाना कोलारस में नई पदस्थापना दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

7 दिन में 13 वर्षीय बालिका सकुशल बरामद

▸ कोतवाली पुलिस मृगवास गुना से खोज लाई

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने सात दिन की सतत तलाश के बाद 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। बालिका 25 जून को माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, शिवपुरी से बिना बताए चली गई थी। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 473/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रोहित दुबे ने विशेष टीम गठित की। टीम ने लगातार तलाश, तकनीकी जानकारी और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर 2 जुलाई को मृगवास जिला गुना से बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बालिका के सुरक्षित लौटने पर उसके माता-पिता के चेहरों पर फिर मुस्कान लौट आई। इस सराहनीय कार्रवाई में उपनिरीक्षक मुरारी यादव, प्रधान आरक्षक बीरबल तथा महिला आरक्षक सीतू सिंह की विशेष भूमिका रही।

लायंस क्लब शिवपुरी सेंट्रल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 03 जुलाई। ऐसा नहीं है कि लायंस केवल अब सेवा के क्षेत्र में ही पहचाना जाएगा बल्कि अब यह संस्था सेवा के साथ साथ योग के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करेगी और इसमें सेवा और योग के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे, दायित्व का बोध हमें यह लायन पिन कराती है जो केवल पिन नहीं है, यह हमें बोध कराती है कि जो हमे लायन वाद के सिद्धांत पर कार्य करने की प्रेरणा देता है, नवीन अध्यक्ष कमल गर्ग ने सी ए से धन और डॉक्टर का सम्मान कर बेहतर स्वास्थ्य अर्जित कर लिया है, कहा भी जाता है कि पहला सुख निरोगी काया और इसी ध्येय वाक्य पर लायंस क्लब कार्य कर रहा हैं जिसने मुझे भी प्रेरित किया और मैं स्वयं अपने आप को लायंस से जोड़ने से रोक नहीं पाया और इसकी सदस्यता ग्रहण की, निश्चित रूप से यह एक संस्थान है, जहां लाइन परम्परा आपके पीछे है जिसमें अब सेवा और योग के क्षेत्र में काम और अधिक होंगे, जिसका लाभ हरेक आमजन और स्वयं संस्था के सदस्यों को भी मिलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम शपथ विधि अधिकारी के रूप में एम जे एफ पूर्व प्रांतपाल (पीएमएससी) लायन अशोक ठाकुर सहित कार्यक्रम संयोजक अमित गुप्ता, श्रीमती वीणा सेठ, निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती विभा रघुवंशी, सचिव अनिल उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रिंस उपाध्याय एवं वर्तमान अध्यक्ष लायन कमल गर्ग, सचिव रविशंकर गुप्ता व कोषाध्यक्ष आनन्द गुप्ता मंचसीन रहें।

विश्वविद्यालय की खिड़कियों से अंदर भरा बारिश का पानी

गुना। शहर जगनपुर क्षेत्र में स्थित क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय के अस्थाई परिसर में पहली ही तेज बारिश ने निर्माण कार्य की तकनीकी खामियों को उजागर कर दिया है। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर लगी खिड़कियों से लगातार बारिश का पानी अंदर भर रहा है, जिससे विश्वविद्यालय का स्टाफ और छात्र बेहद परेशान हैं। कमरों में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य मूल्यवान सामग्री को भीगने से बचाने के लिए प्रबंधन को आनन-फानन में खिड़कियों पर तिरपाल डालकर अस्थाई इंतजाम करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय फिलहाल मॉडल साइंस कॉलेज के जिस अस्थाई भवन में संचालित हो रहा है, वह इमारत महज 3 साल पहले ही बनकर तैयार हुई थी।

सीमांकन के बाद फिर कब्जे की कोशिश

▸ पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला

शिवपुरी। तेंदुआ थाना क्षेत्र के लाड़करन गांव में 8 बीघा कृषि भूमि को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सीमांकन के बाद कब्जा मुक्त कराई गई जमीन पर दोबारा जुताई का विरोध करने पहुंचे पिता-पुत्र पर 10 से 12 लोगों ने कथित रूप से लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल संजीव परिहार उम्र 32 वर्ष ने बताया कि उनकी 8 बीघा कृषि भूमि पर खेरौना गांव के कुछ लोगों ने पहले कब्जा कर रखा था। करीब दो माह पूर्व राजस्व विभाग ने सीमांकन कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया था। तीन दिन पहले उन्होंने अपनी भूमि की जुताई कराई थी। गुरुवार शाम सूचना मिली कि कुछ लोग दोबारा ट्रैक्टर से खेत जोत रहे हैं। इस पर संजीव अपने पिता राम सिंह परिहार उम्र 52 वर्ष के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध

किया। आरोप है कि वहां मौजूद भरत रावत, हजारी रावत, राजेश रावत, बुद्धा, टिल्लू, बलवीर रावत सहित 10 से 12 लोगों ने एकजुट होकर पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। तेंदुआ थाना प्रभारी नीतू सिंह धाकड़ ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जानलेवा हमले के विरोध में 6 से 9 जुलाई तक जिला मुख्यालय पर दिया जाएगा धरना

शिवपुरी। जिला मुख्यालय पर 5 जुलाई को 2500 करोड़ की सौगात के नाम पर कोलारस विधानसभा के पाली क्षेत्र में लगाई जाने वाली ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का लोकार्पण तो होने जा रहा है लेकिन यह धरातल पर अस्तित्व में कब आएगी इसका भविष्य तय नहीं है, इसके पूर्व भी अडानी ग्रुप के द्वारा बदरवास में रोजगार के नाम पर जैकेट फैक्ट्री का भी पूजन के साथ लोकार्पण कराया गया था लेकिन आज बीते चार माह बाद भी इस उद्घाटन के बाद की यह फैक्ट्री आज भी ताले में बंद है यह रोजगार के नाम पर एक बार फिर से जनता को छलने का कार्य मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के द्वारा किया जा रहा है जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और इस तरह की सौगातो को महज दिखावा बताकर इसका विरोध किया जाएगा, इसके अलावा जिला कांग्रेस के द्वारा पिछोर में नगर परिषद के सामने धरना दे रहे कांग्रेसियों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में भी 6 से 9 जुलाई तक धरना प्रदर्शन भी जिला मुख्यालय किया जाएगा। यह कहना है जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल का जो स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजितए प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष एडवोकेट साहब सिंह कुशवाहा, पंडित एवं गोलू सकलेचा सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

जर्जर भवन, गायब शिक्षक और विरोधाभासी बयान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 03 जून। बदरवास जनपद की ग्राम पंचायत ईचौनिया के चक्क मोहम्मदपुर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को जर्जर भवन की छत भरभराकर गिर गई। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय भवन में कोई छात्र या शिक्षक मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। लेकिन छत गिरने के बाद अब शिक्षा विभाग के दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि छत शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे गिरी। उनका आरोप है कि उस समय विद्यालय में न तो शिक्षक मौजूद थे और न ही बच्चों की पढ़ाई चल रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हो रही होतीं तो यह हादसा कई मासूमों की जान पर भारी पड़ सकता था। वहीं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पूजा बिजौले ने बताया कि भवन पहले से जर्जर था। इसी कारण अप्रैल से माध्यमिक विद्यालय की कक्षाएं प्राथमिक विद्यालय के भवन में संचालित की जा रही थीं। छत गिरने की सूचना मिलते ही उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब घटना के समय को लेकर अधिकारियों के बयान अलग-अलग सामने आए। जहां ग्रामीण और प्रभारी प्राचार्य दोपहर में छत गिरने की बात कह रहे हैं, वहीं बीआरसी अंगद सिंह तोमर और डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार का दावा है कि छत रात के समय गिरी। एक ही घटना पर दो अलग-अलग दावों ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ईनरव्हील क्लब शिवपुरी ने निभाया सेवा का संकल्प

शिवपुरी। इनरव्हील क्लब ऑफ शिवपुरी ने जुलाई माह के प्रारंभ में ही सेवा और समर्पण की एक के बाद एक मिसाल पेश की। क्लब ने 'जीवन धारा' के अपने ध्येय को सार्थक करते हुए चिकित्सा, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। 1 जुलाई को 'डॉक्टर्स डे' के अवसर पर क्लब की सदस्याएं जिला मेडिकल कॉलेज पहुँचीं। वहाँ उन्होंने डायलिसिस करा रहे मरीजों से आत्मीय मुलाकात की और उनकी जिम्मेदारी लेते हुए उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। सदस्याओं ने मरीजों को शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना का संबल दिया और सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन/सीईओ डॉ. इला गुजरिया, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आशुतोष चौरसिया, मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. प्रीत निगोटिया, मैनेजर डॉ. शुभांगी सिंह को सम्मानित किया गया।

सीएम यादव के रोड शो को लेकर एडवाइजरी जारी

▸ कई मार्गों पर रहेगा डायवर्जन, बसों-वाहनों की अलग पार्किंग व्यवस्था

शिवपुरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 5 जुलाई 2026 को प्रस्तावित शिवपुरी दौरे एवं रोड शो को लेकर यातायात प्रभारी रणवीर यादव ने विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर अस्थायी डायवर्जन और पार्किंग की विशेष व्यवस्था लागू रहेगी।

एडवाइजरी के अनुसार हवाई पट्टी से झांसी तिराहा, गुरुद्वारा, राजेश्वरी रोड होते हुए एमएम चौराहा तक का मार्ग मुख्यमंत्री के आगमन से एक घंटे पूर्व से लेकर कार्यक्रम समाप्ति के एक घंटे बाद तक आमजन के लिए बंद रहेगा। इस दौरान इस मार्ग पर चार पहिया एवं भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कोलारस और बदरवास से आने वाली बसें गुना नाका, पोहरी चौराहा, स्टार गोल्ड होटल, विवेकानंद रोड होते हुए गांधी पार्क और रेलवे ग्राउंड में पार्क की जाएंगी। करेरा और पिछोर की ओर से आने वाली बसों को कर्बला, दो बत्ती, करौंदी, ग्वालियर बायपास होते हुए गांधी पार्क भेजा जाएगा। वहीं पोहरी, सतनवाड़ा और सुभाषपुरा से आने वाली बसें कटमई तिराहा, ग्वालियर बायपास, स्टार गोल्ड होटल और



विवेकानंद कॉलोनी के रास्ते गांधी पार्क एवं रेलवे ग्राउंड में पार्क होंगी। चार पहिया वाहनों के लिए करेरा, पिछोर, सतनवाड़ा और सुभाषपुरा की ओर से आने वालों की पार्किंग पुरानी अनाज मंडी (कस्टम गेट) तथा कोलारस, बदरवास और पोहरी की ओर से आने वालों की पार्किंग पुलिस परेड ग्राउंड में निर्धारित की गई है। वीआईपी वाहनों की पार्किंग पोलो ग्राउंड में मंच के दाहिनी ओर रहेगी।

बारिश की स्थिति में यह व्यवस्था कलेक्टर रोड पर स्थानांतरित की जाएगी। यातायात प्रभारी रणवीर यादव ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों एवं डायवर्जन का पालन कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा मरीजों को ले जाने वाले वाहनों को किसी भी स्थिति में नहीं रोका जाएगा।

वनपरिक्षेत्र कोलारस में अतिक्रमण मुहिम के तहत की गई कार्यवाही

अशोक चौबे

कोलारस, 03 जून। सामान्य वनमण्डल षिवपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण निरोधी मुहिम के तहत रात्रि गष्ती के दौरान वन परिक्षेत्र कोलारस की सबरेंज कोलारस-अ की बीट सनवारा के कक्ष क्रमांक आरफ 127 के वन क्षेत्र के भीतर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने के उद्देष्य से अवैध जुताई किए जाने का प्रयास किया जा रहा था तत्समय ही वन दल द्वारा उक्त अतिक्रमण के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई तथा वनक्षेत्र में किए जाने वाले अतिक्रमण को पूर्णत: विफल किया गया जिसके पष्चात मौके पर भागे हुए अतिक्रमणकारियों से एक ट्रेक्टर और एक कल्टीवेटर को जप्त कर, जप्ती की कार्यवाही को करते हुए वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया एवं वहीं दूसरी ओर गष्ती के दौरान बीट राजगढ़ के कक्ष क्रमांक आरफ 224

में एक ट्रेक्टर और एक कल्टीवेटर को अवैध जुताई करते समय जप्त किया गया तथा जप्ती की कार्यवाही उपरान्त वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त समस्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों निर्देषन में वन परिक्षेत्राधिकारी कोलारस के नेतृत्व में की गई। जप्ती की कायर्वाही मे संलिप्त संमपत्ति ट्रेक्टर और एक कल्टीवेटर को वन परिक्षेत्र कोलारस के कैम्पस में सुरक्षित रखवाया गया।

इस प्रकार वन दल द्वारा लगातार सामान्य वनमण्डल षिवपुरी के अन्तर्गत वन भूमि पर किसी भी प्रकार से किए जाने वाले अतिक्रमण के प्रयासों तथा अन्य अवैध गतिविधियों के विरूद्ध वन विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जाती रहगे एवं सामान्य जन सें अपील की जाती है कि, वन भूमि पर अतिक्रमण नकरें एवं वन सम्पदा संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।